**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2226**

**15 दिसंबर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**महाराष्ट्र के गोंदिया में चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण**

**2226. श्री सुनील बाबूराव मेंढे:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राज्य सरकार ने महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए निविदा-प्रक्रिया को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को निविदा-प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से सम्बद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें इसके लिए ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है। पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि साझा की जाती है। योजना के तहत, तीन चरणों में 157 मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी गई है, जिसमें महाराष्ट्र के गोंडिया और नंदूरबार में दो मेडिकल कॉलेज भी शामिल हैं। इस योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, योजना के तहत अनुमोदित मेडिकल कॉलेजों की आयोजना, कार्य निष्पादन और प्रचालन शुरू करने संबंधी कार्य राज्य सरकार द्वारा किए जाने होते हैं। हालाँकि, मंत्रालय राज्य सरकार के साथ विभिन्न समीक्षा बैठकों के माध्यम से योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों की प्रगति की निगरानी कर रहा है।

******